हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 नवंबर 2026

06 अधिवक्ताओं, पूर्व नप अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस...



07 शहर के गांधी चौक पर दुकानदारों की त्योहारी भीड़, आने जाने के...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

हुतात्मा दिवस पर रक्तदान और रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन



गुना। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) बजरंगदल द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर शिवा ब्लड बैंक में रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कोठारी बंधुओं के बलिदान दिवस पर उनके अमर बलिदान को स्मरण करते हुए आयोजित किया गया।विहिप द्वारा प्रतिवर्ष इस दिन को हुतात्मा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा एवं विहिप विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह ने कहा कि यह दिवस उन वीरों को समर्पित है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनके त्याग और बलिदान को सदैव याद किया जाएगा।जिला मंत्री राकेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरत के समय रक्तदान किसी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान 19 यूनिट रक्तदान किया गया तथा 80 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिवा ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा, राजेंद्र कुशवाह, जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति, जिला सह संयोजक गौरव कुशवाह, नगर संयोजक संभव कुशवाह, नगर मंत्री जितेंद्र जैन, नकुल यादव, रिंकू ओझा, अक्षत शुक्ला सहित नगर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री राम जानकी कुशवाहा विवाह सम्मेलन समिति की बैठक संपन्न



गुना। प्राचीन राम जानकी मंदिर प्रांगण, पुरानी छावनी में 1 नवंबर को श्री राम जानकी कुशवाहा विवाह सम्मेलन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रीतम सिंह कुशवाहा (संचालक, साक्षी इलेक्ट्रिकल्स, गुना) को समिति का महामंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में समिति के अन्य रिक्त पदों पर नियुक्तियां किए जाने के संबंध में भी प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले कुशवाहा समाज के परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष नरेश कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन की तैयारियों एवं संगठनात्मक कार्यों को लेकर समिति की अगली बैठक 4 नवंबर, बुधवार को शाम 7 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संपूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके पश्चात परिचय सम्मेलन के सफल आयोजन की तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी जाएंगी।

उपभोक्ता 5 नवंबर तक प्राप्त कर सकेंगे अक्टूबर माह का शेष राशन

गुना। शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभान्वित होने वाले उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि यदि उनके द्वारा माह अक्टूबर 2026 का राशन नहीं लिया गया है तो वह 05 तारीख तक अपनी दुकान पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में शासन की व्यवस्था के अनुसार कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से राशन प्राप्त कर सकता है। इसके साथ-साथ माह नवंबर 2026 का भी वितरण प्रारंभ हो गया है। हितग्राही अपनी नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर राशन प्राप्त करें। सभी अधिकारियों और विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र की दुकानों को खुलवाए और राशन वितरण सुनिश्चित कराये।

बोवनी के समय अघोषित कटौती और कम वोल्टेज से किसान परेशान

विधायक ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



बमौरी विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या से परेशान किसानों की आवाज उठाते हुए विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल सोमवार को गुना स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक से मुलाकात कर किसानों को हो रही बिजली संबंधी समस्याओं से अवगत कराया और जल्द समाधान की मांग की। विधायक ऋषि अग्रवाल ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को महज 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसानों के साथ आंदोलन किया जाएगा। विधायक ने अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में रबी फसलों की बोवनी का समय चल रहा है। किसान खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए पहला पानी दे रहे हैं, लेकिन अघोषित बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण कृषि पंप ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। इसके चलते सिंचाई प्रभावित हो रही है और बोवनी के कार्य में भी परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बिजली कंपनी 10 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा करती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को 3 से 4 घंटे भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। विधायक ने मांग की कि किसानों को कम से कम 8 घंटे नियमित और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो।

चार सब-स्टेशनों पर खराब उपकरणों का मुद्दा उठाया

चर्चा के दौरान विधायक ने सुहाया, विशनवाड़ा, कपासी और भौंरा सब-स्टेशनों पर खराब विद्युत उपकरणों की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी। उन्होंने बताया कि इन सब-स्टेशनों से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति ठीक नहीं है। इस संबंध में उन्होंने मौके से ही बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर आवश्यक सुधार कराने की मांग की।

सुधारने का आश्वासन

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने विधायक को बताया कि बढ़ते लोड को देखते हुए लोड एडजस्टमेंट का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मंगलवार से कृषि पंप लाइनों पर सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

विधायक ऋषि अग्रवाल ने कहा कि किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना जरूरी है। यदि निर्धारित समय में विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और किसानों को नियमित बिजली नहीं मिली तो वे किसानों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

पुलिस ने दो जगह कार्रवाई कर पकड़ा आतिशबाजी का जखीरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले की बमोरी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर करीब 40 हजार रुपये कीमत के पटाखे जप्त किए हैं। पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गत शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बमोरी निवासी अब्दुल रिजवान द्वारा अपने बाड़े में दीपावली के अवसर पर विक्रय के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में पटाखे अवैध रूप से रखे गए हैं । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जहां बाड़े के खुले कमरे में विभिन्न कंपनियों के पटाखे रखे मिले। पुलिस द्वारा करीब 15 हजार रुपये कीमत के पटाखे जप्त कर आरोपी अब्दुल रिजवान पुत्र अनवर खां निवासी बमोरी के विरुद्ध बमोरी थाने में अपराध क्रमांक 246/26, धारा 9(ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

इसी प्रकार गत दिवस को ही पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमरोद निवासी हरिकिशन लोधा द्वारा अपनी दुकान में दीपावली के अवसर पर विक्रय के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में पटाखे अवैध रूप से रखे गए हैं । सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जहां दुकान में विभिन्न कंपनियों के पटाखे रखे मिले । पुलिस द्वारा करीब 25 हजार रुपये कीमत के पटाखे जप्त कर आरोपी हरिकिशन पुत्र रतनलाल लोधा निवासी ग्राम अमरोद, थाना बमोरी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 247/26, धारा 9(ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बमोरी में उधार के 55 हजार रुपए मांगना पड़ा भारी

आरोपः छोटे भाई ने साले के साथ मिलकर बड़े भाई और भाभी पर किया हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत उधार दिए गए रुपये वापस मांगने पर उपजे विवाद में छोटे भाई ने अपने साले के साथ मिलकर बड़े भाई और भाभी के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने पीड़ित के सिर पर पत्थर मारकर लहूलुहान कर दिया और बीच-बचाव करने आई पत्नी को भी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंदरसिंह भिलाला निवासी ग्राम प्रयागपुर ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने तीन साल पहले अपने छोटे भाई अंतरसिंह भिलाला को 55 हजार रुपये उधार दिए थे। इसके बाद से अंतरसिंह अपनी ससुराल चाकरी में रहने लगा और पैसे नहीं लौटा रहा था। गत शाम करीब 6 बजे की है, जब छोटा भाई अंतरसिंह और उसका साला बादल भिलाला इंदरसिंह के घर के सामने पहुंचे और पैसे मांगने पर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर अंतरसिंह ने पत्थर से हमला कर इंदरसिंह का सिर फोड़ दिया, जबकि डंडे से मारपीट कर पत्नी जमनाबाई को घायल कर दिया। मौके पर मौजूद बड़े भाई कुबेरसिंह और भाभी ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपियों ने दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जमीन के विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष

इधर जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमरा में जमीन के बंटवारे और पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी-कुल्हाड़ी और ईंट-पत्थर चले, जिसमें महिलाओं समेत दोनों पक्षों के लोग लहूलुहान हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली घटना में शशिबाई निवासी जमरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पड़ोसी कल्याण जाटव ने घर के बाहर अश्लील गालियां दीं। विरोध करने पर कल्याण ने कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से हमला कर उसके पैर की एड़ी को घायल कर दिया, जबकि उसके भाई बलराम ने भी मारपीट की। पुलिस डायल 112 की मदद से घायल महिला को म्याना अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, दूसरे पक्ष से कल्ला उर्फ कल्याण जाटव (37) ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनोज जाटव और उसके पिता परमाल जाटव ने उसकी भतीजी उजाला जाटव के साथ मारपीट की।

कांग्रेसजनों ने फूंका केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला

एप्स्टीन सूची में नाम होने का आरोप लगाकर भाजपा पर साधा निशाना, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मध्यप्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में गुना शहर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोपहर करीब 1 बजे हनुमान चौराहे पर एकत्रित हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए हरदीप पुरी के चित्रों को आग के हवाले कर दिया।प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने भाजपा के इस फैसले को प्रदेश के स्थानीय नेतृत्व का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में योग्य नेताओं और कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है, ऐसे में पार्टी को राजनीतिक एवं नैतिक मूल्यों का परिचय देते हुए प्रदेश के ही किसी व्यक्ति को राज्यसभा भेजने का अवसर देना चाहिए था। बाहरी नेताओं को तरजीह देकर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि वह स्थानीय जनभावनाओं की अनदेखी कर रही है। रजनीश शर्मा ने हरदीप पुरी की कार्यशैली और चरित्र पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उनका नाम पूर्व में महिलाओं एवं छोटी बच्चियों से जुड़े एप्सटीन फाइल्स व अंतरराष्ट्रीय विवादों में सामने आता रहा है। ऐसे विवादित चेहरे को मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए राज्यसभा का उम्मीदवार बनाना पूरी तरह से अनुचित है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भाजपा ने ऐसे फैसलों पर पुनर्विचार नहीं किया, तो पार्टी इस जनविरोधी व अनैतिक कदम के खिलाफ सडक़ से लेकर सदन तक अपना विरोध प्रदर्शन और तेज़ करेगी। प्रदर्शन में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टेलीफोन एक्सचेंज के पास तेज रफ्तार कार ने ओला स्कूटी में मारी टक्कर, चालक घायल

गुना। जिले के गुना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एबी रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने ओला स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चालक सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसकी स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने पीड़ित की मौखिक रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवांश बैरागी निवासी उमरी, थाना म्याना गत रात करीब 10:45 बजे अपनी ओला स्कूटी क्रमांक एमपी 08-8581 से गुना से अपने घर उमरी लौट रहे थे। जब वे एबी रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज व लापरवाही पूर्वक आ रही एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 08-0279 के चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवांश स्कूटी सहित जमीन पर गिर पड़े, जिससे उनके बाएं हाथ की कलाई और पीठ पर गंभीर चोटें आईं और खून बह निकला। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर घटना देखी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फतेहगढ़ में डस्टर कार से स्मैक तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, 13 ग्राम स्मैक और कार जब्त

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करों के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए हमीरपुर-छबड़ा रोड पर ठाकुर बाबा मंदिर के पास घेराबंदी कर एक रेनॉल्ट डस्टर कार एमपी 04-0826 को रोका और उसमें सवार दो तस्करों को दबोच लिया।पुलिस ने आरोपियों की तलाशी ली, तो राजू उर्फ मोटा बंजारा निवासी फतेहगढ़ के कब्जे से पारदर्शी पॉलीथिन में भरा 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर स्मैक, तस्करी में प्रयुक्त डस्टर कार और अन्य सामग्री को विधिवत जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दूसरे आरोपी की पहचान हेमन्त उर्फ दिल्लू ओढ़ निवासी फतेहगढ़ के रूप में हुई है, जो गाड़ी चला रहा था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के इस नेटवर्क के अन्य संपर्कों का पता लगा रही है।

संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन, ग्वालियर ने मारी बाजी

बालक-बालिका दोनों वर्गों में गुना की टीमें रहीं उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



स्थानीय जिला मुख्यालय पर पिछले दिनों से चल रही संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शानदार ढंग से समापन हो गया है। इस प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा के बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में ग्वालियर जिले की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। हालांकि, मेजबान गुना जिले के खिलाड़ियों ने भी कड़ा मुकाबला करते हुए दोनों ही श्रेणियों में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया है।प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन स्थानीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित जिला नोडल केंद्र के खेल मैदान पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिन की शुरुआत बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले से हुई, जिसमें ग्वालियर और गुना की टीमें आमने-सामने थीं। कड़े संघर्ष के बाद ग्वालियर की टीम ने गुना को 24-14 के अंतर से शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इसके तुरंत बाद बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें भी दोनों जिलों की टीमों के बीच जोरदार टक्कर हुई। ग्वालियर की बालिकाओं ने शानदार खेल दिखाते हुए गुना को 18-10 से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया।इससे पहले, सेमीफाइनल मुकाबलों में गुना के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीता था। बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में गुना ने मुरैना की टीम को 32-0 के एकतरफा और विशाल अंतर से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजन समिति की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड व पुरस्कार प्रदान किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर और बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुम्बा के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अब 16 नवंबर से सजेगा राज्य स्तरीय मुकाबलों का मंचसंभाग स्तर की इस सफलता के बाद अब गुना जिला एक और बड़े खेल आयोजन की मेजबानी के लिए तैयार है। आगामी 16 से 20 नवंबर तक जिला मुख्यालय पर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आगामी प्रतियोगिता के मुकाबले एक्सीलेंस स्कूल के मैदान के साथ-साथ पीजी कॉलेज के बास्केटबॉल ग्राउंड पर भी खेले जाएंगे। इसके लिए नोडल खेल केंद्र में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जा रहा है।

जनसुनवाई में वृद्धा ने कहा: 15 साल से भूमि पर जमे हैं दबंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अनरतपुरा से एक बुजुर्ग महिला ने कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। वृद्धा ने गांव के कुछ दबंगों पर पिछले 15 वर्षों से उसकी कानूनी पट्टा भूमि पर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित वृद्धा शांतिबाई बेबा रतना सहरिया ने जिला प्रशासन को दिए गए अपने लिखित आवेदन में बताया कि ग्राम अनरतपुरा स्थित सर्वे नंबर 122 में उनके परिवार के नाम से शासन द्वारा पट्टा आवंटित किया गया था। लेकिन गांव के ही कुछ प्रभावशाली लोग पिछले डेढ़ दशक से इस जमीन पर जबरिया काबिज हैं।वृद्धा का आरोप है कि जब भी उनका परिवार अपनी पट्टा भूमि पर खेती या देखरेख करने के लिए जाता है, तो ये दबंग झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं और जान से खत्म करने की धमकियां देते हैं। परिवार के पास आय का अन्य कोई साधन न होने के कारण वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। पीड़ित परिवार ने जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि उक्त भूमि से अवैध कब्जा शीघ्र हटवाया जाए।

समाचार संक्षेप

विपरीत परिस्थितियों में हौसला न खोएं चुनौतियों का डटकर करें सामना : मुनिश्री



आरोन। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगलवार को श्रमण धारा प्रवचन माला में 'हौसला कैसे बनाए रखें' विषय पर मंगल प्रवचन दिए। मुनि श्री ने कहा कि जीवन में आने वाली विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों से घबराकर निराश नहीं होना चाहिए। आज लोग कठिन परिस्थितियों में हौसला खोकर आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं, जबकि धैर्य और साहस के साथ हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों के उदाहरण देते हुए समझाया कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कठिन से कठिन परिस्थिति को बदला जा सकता है। उन्होंने सागर के एक परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि बेटे द्वारा गलत कारोबार में परिवार की संपत्ति गंवा देने के बाद भी पिता ने हिम्मत नहीं हारी और बीड़ी का व्यवसाय शुरू कर परिवार को फिर से स्थापित किया। इसी तरह कुएं में गिरे गधे का उदाहरण देते हुए समझाया कि जिस तरह गधा अपने ऊपर गिरती मिट्टी को झटककर ऊपर चढ़ता गया और बाहर निकल आया, उसी तरह मनुष्य को भी मुसीबतों से हार नहीं माननी चाहिए।

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष ने दिया स्वावलंबन का संदेश

गुना। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला गुना के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार कक्ष में विकास खंड समन्वयक एवं नवांकुर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित एवं जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।समारोह में जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन ने मुख्य अतिथि मोहन नागर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, जबकि ब्लॉक समन्वयक प्रमोद रघुवंशी ने संभाग समन्वयक सुशील बरुआ का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। बैठक के दौरान संभाग समन्वयक सुशील बरुआ ने नवांकुर संस्थाओं के लेखा-जोखा और प्रगतिरत कार्यों की गहन समीक्षा की। उपस्थित सदस्यों व परामर्शदाताओं ने अपने-अपने सेक्टर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।मुख्य अतिथि मोहन नागर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही परिषद का मूल लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर सेक्टर में जन सूचना केंद्र, वाचनालय, संस्कार केंद्र, नर्सरी और वाटिका—ये पांच प्रमुख कार्य अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वावलंबन, स्वैच्छिकता, आदर्श ग्राम निर्माण तथा जल गंगा संवर्द्धन अभियान पर भी विचार साझा किए। इस अवसर पर जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन, विकास खंड समन्वयक प्रमोद रघुवंशी, कृष्णपाल, मुकेश, प्रदुमन, स्टाफ सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि और परामर्शदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने किया तथा आभार प्रदर्शन ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र द्वारा व्यक्त किया गया।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का चाचौड़ा में पग-पग हुआ स्वागत

अधिवक्ताओं, पूर्व नप अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं ने जगह-जगह की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़





पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। सनातन संस्कृति के मूल आदर्श सत्य, न्याय, सदाचार, करुणा, सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश लेकर निकली इस यात्रा के आगमन पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल नजर आया।चाचौड़ा आगमन पर दिग्विजय सिंह के दशकों पुराने निष्ठावान सहयोगी वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीलाल श्रीवास्तव एवं अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव (बबी) श्रीवास्तव ने आत्मीयता के साथ यात्रा का स्वागत किया। वहीं सोनी परिवार के रवि सोनी एवं महेंद्र सोनी ने भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया।प्रिंस स्कूल के ब्रज किशोर माली ओर माली धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विशन सिंह यादव और उनके पुत्र चंद्रभान सिंह ने भी दिग्विजय सिंह का भव्य स्वागत किया। नगर के चार पूर्व नगर परिषद अध्यक्षों सत्येंद्र सिंह चौहान, महेंद्र सिंह गौर, कैलाश चौकसे एवं छोटे सिंह यादव , रिपुदमनसिंह,श्यामलाल फादलपुर, प्रदीप मोहित श्रीमाल चाचौड़ा बीनागंज में अभूतपूर्व आत्मीय स्वागत हुआ।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बबलू चौहान ने गुंजारी में यात्रा के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं एवं गांव के लोगों का भोज दिन में आयोजन किया। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान एवं देवेंद्र दीतलवाडा ने गणेश मंदिर पर यात्रा की अगवानी कर स्वागत किया। इसके अलावा श्याम कीताखेड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष संजय मीना, नारायण सिंह भील सहित अनेक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी यात्रा का स्वागत किया। दिग्विजय सिंह चांचौड़ा विधानसभा से मुख्यमंत्री रह चुके।यात्रा के दौरान नयापुरा जोड़ स्थित गौशाला में पूर्व विधायक ममता रघुवीर मीना की मौजूदगी में भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद रात्रि विश्राम रॉयल पैलेस में सौरभ यादव के यहां किया गया।धार्मिक स्थलों में पारदर्शिता का मुद्दा उठायायात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह ने धार्मिक स्थलों पर मिलने वाले दान और चढ़ावे में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात प्रमुखता से रखी। उन्होंने यात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति के मूल्यों और सामाजिक सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में यात्रा के दौरान वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। जगह-जगह हुए स्वागत से यात्रा का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

बुजुर्गों का आदर-सम्मान कर महिला परिषद ने दिया संस्कारों का संदेश

अशोकनगर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा), अशोकनगर द्वारा सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत "बुजुर्गों का आदर-सम्मान" प्रोजेक्ट आयोजित किया गया। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान, प्रेम एवं सेवा भावना जागृत करना रहा। परिषद की बहनों ने वृद्धजनों का आदर-सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि हमारे जीवन में संस्कार अपने बड़े-बुजुर्गों को देखकर ही आते हैं। उनका प्यार, अनुभव और आशीर्वाद हमारे जीवन की अनमोल धरोहर हैं। बुजुर्ग परिवार की नींव और हमारी जीवन यात्रा के मार्गदर्शक होते हैं, इसलिए उनका सम्मान एवं सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। परिषद अध्यक्ष सोनम अजमेरा, सचिव पल्लवी जैन एवं कोषाध्यक्ष नमिता जैन ने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से समाज को बुजुर्गों के सम्मान एवं सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया।

श्री हनुमान रामलीला में विभीषण शरणागति और रामेश्वर स्थापना की लीला का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

श्री हनुमान रामलीला में रविवार रात्रि विभीषण शरणागति, रामेश्वर स्थापना एवं अंगद-रावण संवाद की लीलाओं का आकर्षक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों से भावविभोर कर दिया। लीला के प्रारंभ में हनुमानजी भगवान श्रीराम को माता सीता की सुधि मिलने का समाचार सुनाते हैं। इसके पश्चात भगवान श्रीराम वानर सेना के साथ लंका की ओर प्रस्थान करते हैं और सुवेल पर्वत पर पहुंचकर सेना को युद्ध की तैयारियों के लिए प्रेरित करते हैं। उधर, लंका में विभीषण रावण को माता सीता को सम्मानपूर्वक लौटाकर भगवान श्रीराम से संधि करने की सलाह देते हैं। वे रावण को कई प्रकार से समझाते हैं, लेकिन अहंकार में डूबा रावण उनकी एक नहीं सुनता। क्रोधित होकर वह भरी सभा में विभीषण का अपमान करते हुए उन्हें लात मारकर लंका से निष्कासित कर देता है। इसके बाद विभीषण अपने सहयोगियों के साथ आकाश मार्ग से भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं और अपनी व्यथा सुनाकर शरण देने की प्रार्थना करते हैं। भगवान श्रीराम उन्हें सहर्ष शरण देते हैं तथा भविष्य में लंका का राजा बनाने का वचन देते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम समुद्र तट पर पहुंचकर समुद्र से सेना को लंका तक पहुंचने के लिए मार्ग देने की विनती करते हैं। तीन दिन तक प्रतीक्षा करने के बाद भी समुद्र के मार्ग न देने पर भगवान क्रोधित होकर धनुष पर बाण चढ़ाते हैं। तभी समुद्र देव प्रकट होकर उन्हें बताते हैं कि उनकी सेना में नल और नील नाम के दो वानर हैं, जिनके स्पर्श से पत्थर भी पानी पर तैरने लगते हैं। इसके बाद नल-नील के नेतृत्व में रामसेतु निर्माण का कार्य प्रारंभ होता है और वानर सेना समुद्र पार करने की तैयारी करती है। इसी दौरान भगवान श्रीराम समुद्र तट पर भगवान शिव की आराधना के लिए शिवलिंग की स्थापना करते हैं और विधि-विधान से पूजन-अर्चन करते हैं।

24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वंदनीय माताजी एवं अखंड ज्योति के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विश्वव्यापी विचार क्रांति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा सप्त आंदोलनों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ हुआ। पूर्णाहुति के अवसर पर 100 से अधिक जोड़ों सहित सैकड़ों गायत्री परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर आहुतियां समर्पित कीं। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे प्रतिनिधि निवास तिवारी ने अपने उद्बोधन में नारी जागरण, राष्ट्र निर्माण और युग सैनिकों के निर्माण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति में शिखा एवं यज्ञोपवीत के महत्व को विस्तार से समझाते हुए संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्य ट्रस्टी सुधीर कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण इस आयोजन के दौरान 24 गुरु दीक्षा, 10 पुंसवन संस्कार, 8 विद्यारंभ संस्कार एवं 3 यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराए गए। पूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि भारतीय जनमानस में संस्कृति के उत्थान और सामाजिक चेतना के विस्तार में गायत्री परिवार सराहनीय कार्य कर रहा है। गायत्री परिवार संपूर्ण विश्व में गायत्री मंत्र की महत्ता को स्थापित करने के साथ ही परिवार निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
उन्होंने कहा कि संस्कार परंपराओं के पुनरुत्थान और मनुष्य में देवत्व के उदय के उद्देश्य से पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्शों पर आधारित जीवन साधना के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गायत्री परिजन पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने आवेदकों की सुनीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की मस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 176 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई में ग्राम राजपुर निवासी बालकिशन कोरी द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम जुग्या निवासी कप्तान सिंह द्वारा खसरा नम्बर ऑनलाईन करने,वार्ड 3 मुंगावली निवासी रामसखी बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम खानपुर निवासी रघुवीर केवट द्वारा राशन पर्ची में नाम काटे जाने,ग्राम खिरिया गुहास निवासी मांगीलाल द्वारा अवैध कब्जा हटवाये जाने,ग्राम हैदर निवासी अजय चिडार द्वारा राशि स्वीकृत कराये जाने,ग्राम बर्री निवासी मलखान लुहार द्वारा मछली पालन हेतु लोन दिलाये जाने,ग्राम बमनावर निवासी गुड्डीबाई द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम पिपरिया निवासी नीलम गर्जर द्वारा नक्शा उपलब्ध कराये जाने,ग्राम पडरिया निवासी प्रेम बाई आदिवासी द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ दिलाये जाने,ग्राम बामौरा निवासी हल्कीबाई द्वारा प्रधनमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम भौराकाछी निवासी मर्दन अहिरवार द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम खोकसी निवासी सुजान यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने कराए जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए हैं।



संयुक्त जांच कर कार्रवाई की गई, अनियमित्ताएं पाए जाने पर कारखाने का खाद्य लायसेंस निलंबित किया

अशोकनगर। पछाडी खेडा रोड अशोकनगर स्थित महावीर स्वीट्स से खरीदी गई मिठाई में मरा हुआ कीडा मिलने की शिकायत प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोकनगर इसरार खान के मार्गदर्शन में में खाद्य सुरक्षा प्रशासन तथा राजस्व प्रशासन की टीम द्वारा स्टेशन रोड अशोकनगर स्थित महावीर स्वीट्स के कारखाने में संयुक्त जांच कार्यवाही की गई।

निरीक्षण के दौरान टीम को मौके पर भारी अनियमितताएं मिली एवं साफ-सफाई का अभाव पाया गया और मिठाईयां खुली अवस्था में रखी होनी पाई गई। निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार मिठाई बनाने में प्रयुक्त की जा रही काजू टुकडी, मावा बर्फी, मोतीचूर लड्डू, तथा मावा का नमूना जांच हेतु लिया गया। अस्वास्थ्यकर दशाओं में मिठाईयों का निर्माण एवं संग्रहण किये जाने की दशा में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्यवाही की जाकर जब तक खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा मौके पर पाई गई कमियों को दूर कर उसका निराकरण नहीं कर लिया जाता तब तक की स्थिति में आगामी आदेश तक महावीर स्वीट्स के कारखाने में मिठाईयों के निर्माण पर रोक लगा दी गयी है और उसका खाद्य लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। इससे पूर्व भी महावीर स्वीट्स में अनियमितताएं पाये जाने पर 50000 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया जा चुका है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

मोहरी रोड पर वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या का होगा स्थायी निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने मोहरी रोड पर निर्माणाधीन नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि मोहरी रोड पर वर्षों से बारिश के दौरान पानी भरने के कारण स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना के तहत आरोन रोड चुंगी नाका से दोनों ओर चिंतहरण मंदिर श्री परशुराम चौराहा तक पेवर्स लगाए जाएंगे। साथ ही घाटी के नीचे से नाला निर्माण कराया जा रहा है तथा दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 16 की तरफ नाली निर्माण का कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से मोहरी रोड पर वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी निराकरण हो सकेगा। नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों की इस पुरानी समस्या को दूर करने के लिए किए जा रहे कार्यों से स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपयंत्री आयुष वर्मा, सचिन रघुवंशी एवं शिव शर्मा उपस्थित रहे।

नवांकुर संस्थाओं की मासिक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

म.प्र. जन अभियान परिषद अशोकनगर द्वारा संवाद योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं की मासिक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर (राज्य मंत्री दर्जा), कलेक्टर साकेत मालवीय, संभाग समन्वयक सुशील बरूआ,डॉ जयमंडल यादव अशोक लोधी, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, समस्त विकासखण्ड समन्वयक एवं नवांकुर संस्थाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत उपरांत जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान द्वारा परिषद द्वारा किये गये कार्यों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में कलेक्टर मालवीय द्वारा जन अभियान परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना कर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नवांकुर संस्थाओं द्वारा संस्था द्वारा किये गये कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र, वाचनालय, समिति की नियमित बैठके एवं शासन के समस्त अभियानों में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली नवांकुर संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड समन्वयक मनोज यादव द्वारा किया गया।

युवा संवाद एवं विकसित भारत को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया



अशोकनगर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में युवा संवाद कार्यक्रम एवं विकसित भारत 2047 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जजपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने युवाओं को संवैधानिक मूल्यों एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाने के साथ साथ अराजकता फैलाने वाले तत्वों का विरोध करने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक व्यवस्था के प्रति स्वयं को समर्पित करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि द्वारा विकसित भारत 2047 में युवाओं को अधिक से अधिक योगदान देने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष महेन्द्र भारद्वाज धमेन्द्र रघुवंशी, अभय ठाकुर, मनन छावड़ा, मुकेश ओझा एवं कृष्णा यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित थे।

अपराध नियंत्रण और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर एसपी अशोकनगर ने ली अपराध समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के समस्त एसडीओपी, थाना एवं चैकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित अपराध एवं मर्ग प्रकरणों के निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, जनसुनवाई, साइबर अपराध, महिला एवं बाल अपराधों तथा आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा, एसडीओपी मुंगावली ओमप्रकाश मिश्रा, एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश

1 त्योहारों के दौरान बाजारों, विशेषकर सराफा बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहती है, जहां जेबकटी, चैन स्नैचिंग, लूटपाट एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस सपर विषेष निगरानी की जाए।

2. आतिशबाजी की केवल वैध लाइसेंसधारियों को ही दुकान लगाने की अनुमति दी जाए तथा अवैध दुकान पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाए।

3. त्योहारों के दौरान बाजारों में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने, रिहायशी क्षेत्रों, बैंकों, एटीएम, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सराफा बाजारों के आसपास सघन पेट्रोलिंग तथा फिक्स पिकेट्स लगाने के निर्देश दिए गए।

लंबित प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा

1. पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित एवं गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, तथा समय पर विवेचना करने के निर्देष दिए।

2. न्यायालयीन प्रकरणों में लंबित चालान, समंस एवं वारंट की तामीली तथा अभियोजन अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

3. मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा कॉम्बिंग गश्त के दौरान फरार वारंटियों, सक्रिय अपराधियों एवं होटल ढाबों की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए।

खबर संक्षेप

ऑटो के आगे स्वान आने से वाहन पलटा

अशोकनगर। कचनार जाने वाले मार्ग पर ग्राम तूमैन के समीप दोपहर 3 बजे बच्चों को लेकर आ रहे एक ऑटो वाहन के आगे स्वान आ गया जिसे बचाने के प्रयास में ऑटो पलट गया। इस घटना में चार स्कूली बच्चे घायल हो गए,जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वाहन चालक ने बताया कि स्कूल की छुटटी होने के बाद वह बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रहा था, तभी एक स्वान ढाबे के पास से वाहन के आगे आ गया जिससे संतुलन बिगडने से वाहन पलट गया, इस घटना में 4 बच्चे घायल हुए हैं जिनमें गुरवानी, जसप्रती कौर कुदरत कौर और गुरूनिहार शामिल हैं, वहीं वाहन चालक दिनेष अहिरवार को भी चोट आई है। इस घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन गंभीर घटना होने से बच गई। 03 नबंवर फोटो नं.05 जानकारी मिलने के बाद बच्चों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है, कचनार पुलिस ने किशोर पारदी निवासी माधौगढ से हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने करमई निवासी वीरभान यादव से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत करमई निवासी प्रमोद यादव के पास से पुलिस ने 4 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

सीएमओ की रिपोर्ट पर से पार्षद रीतेष जैन पर मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली के अंतर्गत नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाटर वक्स में उनके शासकीय आवास में रीतेष जैन व अन्य साथी ने उनके शासकीय निवास के अंदर घुसकर गालियां दी, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आज आयोजित किया जाएगा शिविर

अशोकनगर। 4 नवंबर बुधवार को जीवन प्रमाण पत्र लाईफ सर्टिफिकेट जमा करने हेतु, सेवानिवृत अधिकारी /कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला अशोक नगर की पहल पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा स्टेशन रोड अशोकनगर द्वारा शिविर का आयोजन वैदांत भवन पछाड़ी खेड़ा रोड अशोक नगर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक अशोक नगर के मुख्य प्रवंधक राजेंद्र कुमार पाठक स्वयं और उनका स्टॉफ उपस्थित रहते हुये सेवानिवृत कर्मचारियों के लाईफ सर्टिफिकेट तुरंत सम्मिट करेंगे। शिविर के बीच उपस्थित कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण यथा ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच,भी किया जावेगा,तथा कार्यस्थल पर ही सभी के लिये स्वल्पाहर की व्यवस्था की गई है. इस कार्य में जिला पेंशनर महासंघ की पूरी टीम के साथ प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिलाध्यक्ष दिनेश विरथरे, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हरवंश जुनेजा, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, जिला सचिव महाराज सिंह रघुवंशी,जिला कोषाध्यक्ष संजय चैधरी, प्रांतीय प्रचार मंत्री हरिओम शर्मा,संभागीय उपाध्यायक्ष रमेश पाराशर, प्रमोद राजवत सहित संभागीय सचिव प्रहलाद श्रीवास्तव चजप एवं महासंघ से जुड़े सभी साथी सहयोग, मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे।

फांसी के फंदे पर लटके व्यक्ति को सुरक्षित बचाया

अशोकनगर। थाना शाढ़ौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जलालपुर से डायल-112 पर कॉलर ने सूचना दी कि उनके पिताजी उनके साथ मारपीट कर रहे हैं तथा घर का गेट बंद कर कमरे के अंदर चले गए हैं। सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 थाना शाढ़ौरा की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर टीम ने देखा कि कॉलर के पिताजी कमरे के अंदर रस्सी से फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए एफआरवी टीम ने तत्काल सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय दिया और रस्सी काटकर उन्हें फंदे से नीचे उतारा तथा सुरक्षित बाहर निकाला।

दीपावली के पर्व को देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहनों को प्रतिबंधित किया

शहर के गांधी चौक पर दुकानदारों की त्योहारी भीड़, आने जाने के रास्ते भी प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

इन दिनों अशोकनगर शहर का गांधी चैक हर वर्ष की तरह भीड़ से भरा है, पूरे चैक को दुकानदारों ने घेर लिया है, आने जाने वाले वाहन चालकों को रास्ता तलाषना पड़ रहा है। यह समस्या हर वर्ष सामने आती है लेकिन स्थायी समाधान की तलाष नहीं की गई है। जिसे लेकर शहर में यातायात को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है, अब दोपहिया वाहन ही शहर में और मार्गों से आ जा सकेगें जिन मार्गों पर त्यौहारी भीड़ है।

जिस जगह यह गांधी चैक है वहां से शहर के लिए सारे रास्ते निकलते हैं, यह शहर की धरोहर है लेकिन विडंबना यह है कि अषोकनगर जिला मुख्यालय का शहर है लेकिन आज भी इसी स्थान पर हर शनिवार को जो हाट लगा करती थी वह हाट आज भी लगती है, इस हाट में सभी प्रकार की दुकानें लगती हैं, यह एक दिन के लिए निर्धारित था लेकिन अब स्थिति यह हो गई है कि कोई सा भी त्यौहार हो हाट की तरह इस चैराहे पर इसी तरह की दुकानें लगती आ रही हैं। जिसके कारण न तो लोग एफओबी ब्रिज से जा पा रहे है और न हीं अंडर ब्रिज की ओर अपने वाहन ले जा पा रहे हैं। पूरे चैराहे को और चैराहे से निकलने वाले मार्ग को त्यौहारी सीजन वाली दुकानों ने घेर लिया है।

यह चैराहा इसलिए शहर का दिल कहा जाता है क्योंकि यहीं से रेलवे स्टेषन के लिए मार्ग निकलता है यहीं से पूरे बाजार लगे हुए हैं, अगर आपको रेडीमेड कपड़ा, सराफा, श्रृंगार सामग्री जनरल स्टोर, या फिर अन्य किसी भी प्रकार का सामान खरीदना है तो इसी गांधी चैक से होकर निकलना होगा। यहीं सुभाषगंज में किराना मण्डी है इन सबके साथ गांधी चैक से अगर आपको नेहरू पार्क, इन्द्रा पार्क की ओर या फिर गौषाला क्षेत्र की ओर जाना है तो यहीं से रास्ता निकलता है। अगर आपकों पुराना बाजार की ओर जाना है तो भी रास्ता यहीं से निकलता है और यदि आपकों रेल से सफर करना है तो भी आपको इसी स्थान से जाना पड़ेगा यानी जहां से सारे रास्ते निकलते हैं वहीं स्थान समस्या का कारण बना है। ऐसा कोई विकल्प आज तक तलाषने का प्रयास नहीं किया गया जिसमें इन मार्गों से यातायात सुरक्षित निकल सके और दुकानदार भी अपना काम धंधा आसानी से कर सकें। यह निर्णय लेने की क्षमता प्रषासन की कमजोरी है या फिर कोई मजबूरी है यह आज तक समझ में नहीं आया।

मैप किया जारी

इन सब समस्याओं के चलते हुए 4 नबंवर से 9 नबंवर तक दीपावली पर्व को देखते हुए अषोकनगर यातायात पुलिस ने इस समस्या का समाधान तलाषने के लिए वाहनों को इस रास्ते पर प्रतिबंधित किया है और नो व्हीकल क्षेत्र घोषित किया है। जिसे लेकर एक मैप भी यातायात पुलिस के द्वारा जारी किया गया है।

नो-व्हीकल क्षेत्र

- सराफा, बर्तन, कपडा एवं सदर बाजार में निम्न पांइटस से सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा :-जाकिर स्टील फर्नीचर गली से तारई स्टील दुकाने के सामने तक
- मनोज रेडीमेड के सामने से केशु अखाई के सामने तक
- मनोज ज्वैलर्स से घनश्याम ज्वैलर्स तक
- लखन चाट के पास वाली गली से डॉ0 राकेश जैन तक
- उपरोक्त स्थानों से सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन चालक अपने वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए पार्किंग स्थान 01, 02, 03, 04 05 एवं 06 में ही अपने वाहनों को पार्क कर पैदल ही बाजार में प्रवेश करेंगें।

वैकल्पिक मार्ग सुभाषगंज, स्टेशन रोड जाने वाले वाहन कचनार तिराहा, पठार, शांतिनाथ मंदिर, पटेल पार्क, इन्द्रिरापार्क होते हुये ट्रेक्टर, लॉडिंग, गौशाला पार्किंग में एंव कार, मोटर सायकिल सुभाषगंज, स्टेशन, रेस्ट हाउस में पार्क कर सकेंगें।

दो पहिया के अतिरिक्त अन्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध

- दो पहिया वाहन के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहन जैसे चार पहिया, तीन पहिया, ट्रेक्टर, लोडिंग आदि वाहनों का निम्न स्थानो से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- मिलन तिराहा से गांधी पार्क की ओर
- एफओबी से गांधी पार्क की ओर
- पुराना न्यायालय से गांधी पार्क की ओर
- रेस्ट हाउस से गांधी पार्क की ओर
- न्द्रा पार्क से गांधी पार्क की ओर
- उपरोक्त स्थानों से दो पहिया के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के वाहन जैसे चार पहिया, तीन पहिया, ट्रेक्टर, लोडिंग आदि का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन चालक अपने वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए पार्किंग स्थानों में ही अपने वाहनों को पार्क कर पैदल ही बाजार में आवागमन करेगें ।

नोटः- मिलन तिराहा से रेल्वे स्टेशन जाने वाले वाहन चालको से अनुरोध है कृपया रेल्वे स्टेशन जाने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 02 का प्रयोग करे या वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।

पार्किंग स्थल

- **पार्किंग क्रमांक 01 (मिलन तिराहा पेट्रोल पंप के पास)** विदिशा रोड, ईसागढ रोड से आने वाले वाहन चालक आपने वाहनों को मिलन तिराहा पेट्रोल पम्प के पास पार्किंग नम्बर 01 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- **पार्किंग क्रमांक 02 (पुराना रेस्ट हाउस)** बाजार में आने वाले सभी वाहन चालक अपने वाहनों को पुराना रेस्ट हाउस परिसर पार्किंग नम्बर 02 में पार्क कर पैदल बाजार के लिए आवागमन करेंगें।
- **पार्किंग क्रमांक 03 (पुरानी न्यायालय)** बाजार में आने वाले सभी वाहन चालक अपने वाहनों को पुराना रेस्ट हाउस परिसर पार्किंग नम्बर 03 में पार्क कर पैदल बाजार के लिए आवागमन करेंगें।
- **पार्किंग क्रमांक 04 (पुराना पोस्ट ऑफिस परिसर)** सराफा बाजार में आने वाले सभी वाहन चालक अपने वाहनों को पुराना रेस्ट हाउस परिसर पार्किंग नम्बर 04 में पार्क कर पैदल बाजार के लिए आवागमन करेंगें।
- **पार्किंग क्रमांक 05 (रामलीला मंच के पास सुभाषगंज):-** इन्द्रा पार्क से आने वाले वाहन चालक अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रामलीला मंच के पास सुभाषगंज पार्किंग नम्बर 05 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए प्रस्थान करेंगें।
- **पार्किंग क्रमांक 06 (गऊशाला रोड वर्धमान स्कूल के सामने खाली जगह)** वैकल्पिक मार्ग पठार-शांतिनाथ-पटेल पार्क/इन्द्रा पार्क से आने वाले वाहन चालक अपने वाहनों को गउशाला रोड वर्धमान स्कूल के सामने खाली जगह पर पार्किंग नम्बर 06 में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल बाजार के लिए आवागमन करेंगें। सभी वाहन चालकों से यातायात पुलिस अनुरोध करती है कृपया त्यौहार के समय यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए उपरोक्तानुसार प्लान के अनुसार ही अपने वाहनों को पार्किंग स्थल में पार्क कर यातायात व्यवस्था बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करे।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। अशोकनगर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालसा कॉलोनी निवासी कुलदीप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तरूण अरोरा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी श्रीराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्णपाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नयाखेडा निवासी मुलायम सिंह नरवरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शंकरसिंह लोधी,पुष्पेन्द्र और अजब लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपगढ़ फुटेरा निवासी भागवती बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भीकम आदिवासी और रूकमणी बाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघनरी निवासी सुषीला बाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजभान सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर निवासी कन्हईराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भानुप्रताप और मान सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मान सिंह यादव ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि कन्हईराम, रिंकू, और शीलकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मण्डी मोहल्ला बहादुरपुर निवासी लाखन सिंह कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामू रघुवंषी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रामू रघुवंषी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लाखन कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरा चक्क निवासी पूजाबाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विजय लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अब जिले में ही मिलेगा उपचार

जिला चिकित्सालय अशोकनगर में बर्न यूनिट का शुभारंभ

अशोकनगर। जिला चिकित्सालय अशोकनगर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तारं करते हुए गंभीर रूप से झुलसे (बर्न) मरीजों के लिए एक बर्न यूनिट की शुरुआत की गई है। इस विशेष वार्ड के शुरू होने से अब जलिे के मरीजों को इलाज मिलेगा।

सिविल सर्जन डॉ. बी एल टैगोर ने जानकारी देते हुए बताया कि झुलसे हुए मरीजों को संक्रमण से बचाना सबसे बड़ी चुनौती होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस नए बर्न यूनिट को पूरी तरह वातानुकूलित और संक्रमण मुक्त वातावरण के साथ तैयार किया गया है। बर्न इंजरी के इलाज के लिए प्रशिक्षित डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया गया है। वार्ड में ड्रेसिंग के लिए विशेष उपकरणों की व्यवस्था की गई है। मरीजों को बाहरी इंफेक्शन से बचाने के लिए सख्त आइसोलेशन प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। शासन के मंशानुसार मरीजों के लिए सभी आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं और ड्रेसिंग सामग्रियां अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल प्रबंधन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना या झुलसने की स्थिति में मरीज को झाड़-फूंक या घरेलू इलाज में समय गंवाने के बजाय तुरंत जिला चिकित्सालय के बर्न यूनिट में लेकर आएं, जिससे समय पर सही इलाज शुरू कर मरीज की जान बचाई जा सके। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सोमवार की शाम कलेक्टर साकेत मालवीय ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने बर्न वार्ड, ओटी आदि का निरीक्षण किया था और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देष दिए थे।

त्योहारों को परंपरा के अनुसार सदभाव और शांति से मनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आगामी त्यौहारों एवं उत्सवों को पूर्ण उत्साह के साथ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जाएं। इस आशय के विचार कलेक्टर साकेत मालवीय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कही।

बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि अशोकनगर में सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं जाते है। आगामी त्यौहारों को इसी तरह आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने दीपावली पर्व पर पटाखों के अवैध भणडारण एवं निर्माण के संबंध में निर्देश दिए कि जिले के किसी भी स्थान पर पटाखों का अवैध भण्डारण एवं निर्माण न हो इस पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही खाद्य पदार्थो की सतत निगरानी कर मिलावटी के विरूद्ध अभियान चलाया जाए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन हेतु सभी आवश्यक उपाए किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिससे किसी अनहोनी दुर्घटना से बचा जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि आने वाले त्यौहारों को सभी के सहयोग से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ मनाएं जायेगें। गांधी पार्क के व्यस्तम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जायेगा। पटाखा स्थल पर दुकानों का संचालन निश्चित दूरी पर कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रतिबंधित कार्बाइन गन के उपयोग के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए।

बैठक में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए सभी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनांए जाने तथा सुरक्षा व्यवस्था में शासन,प्रशासन का सहयोग किये जाने की बात कही। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि नगरपालिका द्वारा गांधी पार्क पर व्यवस्थित यातायात सुगम करने के लिए दुकानों को क्रमबद्ध तरीके से लगवाया जायेगा। बैठक में आगामी 06 नवम्बर को धनतेरस,08 नवम्बर को दीपावली, 09 नवम्बर को गोवर्धन पूजा,11 नवम्बर को भाईदूज,15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती, 16 नवम्बर को भगवान सहस्त्रबाहू जयंती, 20 नवम्बर को नामदेव जयंती एवं देवउठनी एकादशी, 22 नवम्बर को झलकारी बाई जयंती,24 नवम्बर को गुरूनानक जयंती,14 दिसम्बर को गुरू तेज बहादुर का शहीदी दिवस तथा 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे (बडा दिन) मनाये जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सदस्यों के सुझाव लिये गये।

बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, सहित शांति समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्य एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रमाणिक वक्ता के वचन ही प्रमाणिक माने जाते हैंः मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा में श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर कोई कहता है हम तो बिल्कुल सत्य कह रहे हैं। हमारा विश्वास कीजिये, परन्तु आचार्यों ने कभी नहीं कहा की मैं सत्य कह रहा हूँ और फिर भी सभी उन्हीं को प्रमाणिक मानते हैं। ऐसा क्यों? ऐसा इसलिये है कि वे आचार्य स्वयं प्रमाणिक हैं इसलिये उनका एक-एक वचन प्रमाणिक है।

उन्होंने कहा कि क्या अप्रमाणिक वक्ता क्या कभी असत्य नहीं बोलता है? वह क्या हमेशा ही सत्य बोलता है? ऐसा नहीं है परन्तु वक्ता की प्रमाणिकता के आधार पर ही वचनों की प्रमाणिकता बनती है। आप सभी ने एक कहानी तो सुनी होगी। एक गड़रिया था और वह हमेशा गाँव वालों को परेशान करने के लिये जोर-जोर से चिल्लाता था शेर आया-शेर आया। लेकिन जब सभी ग्रामवासी वहाँ पहुँचते थे तो क्या होता था? सभी को याद है ना यह कहानी। वह सभी पर जोर से हँसता था और कहता था ष्देखा सभी को कैसा मूर्ख बनायाष् और एक दिन जब सच में शेर आया और उस दिन उसकी मदद करने कोई भी नहीं आया। क्यों नहीं आया? क्या उसने आवाज नहीं लगाई! उसने आवाज तो लगाई, परन्तु इस आवाज पर किसी ने विश्वास नहीं किया। इसलिये अगर आप अपने व्यक्तित्व में निखार लाना चाहते हैं। आप चाहते हैं कि लोग आपको सुनें तो इसके लिये बहुत जरूरी है आपकी प्रमाणिकता। हमारी प्रमाणिकता हमारे हाथ में है। परन्तु हम स्वयं इस प्रमाणिकता को थोड़े से सांसारिक प्रलोभनों से समाप्त कर देते हैं। सत्य और प्रमाण यह दोनों ही पर्यायवाची हैं अर्थात जो सत्य है वही प्रमाण है और जो प्रमाण है वही सत्य है। आज कई लोग सत्य के लिये प्रमाण माँगते हैं। पर क्या सत्य को प्रमाण की आवश्यकता है? जो स्वयं सत्य है वह ही प्रमाण है। इस आधार से हम कह सकते हैं की वक्ता की प्रमाणिकता के आधार पर ही वचनों की प्रमाणिकता है।

वक्ता अगर धन-वैभव की, सांसारिक ख्याति, पूजा, लाभ की, भावी भोगों की इच्छा रखने वाला हो, पद-प्रतिष्ठा का लोलुपी हो तो ऐसा वक्ता कभी भी प्रमाणिक कैसे हो सकता है और फिर उसके वचन भी कभी प्रमाणिकता को प्राप्त नहीं हो सकते हैं। आचार्यों ने अपनी गुरु परंपरा से प्राप्त क्षायोपशम के आधार से ही वस्तु तत्त्व का निरूपण किया है। इस बात से ही उनका हर एक निर्णय हमें स्वीकार है। हम भी अपने जीवन के उन व्यावहारिकता के क्षणों में आचार्यों के दिये सूत्रों का प्रयोग करके अपना जीवन प्रमाणिक बना सकते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण पर कथित टिप्पणी से भड़का विरोध

धीरेंद्र शास्त्री के बयानों पर बवाल, फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी के बाद अशोकनगर में आक्रोश भड़क उठा। सोशल मीडिया पर शुरू हुआ विरोध मंगलवार को सड़कों तक पहुंच गया। शहर के हृदयस्थल गांधी पार्क चैराहे पर श्रद्धालु एकत्रित हुए और धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उनका पुतला बनाकर दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक मंचों से इस तरह की टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री की कथाओं और बयानों पर रोक लगाने की मांग भी उठाई।

एक बयान नहीं, विवादों की लंबी फेहरिस्त

धीरेंद्र शास्त्री इससे पहले भी अपने बयानों को लेकर कई बार विवादों में घिर चुके हैं। अलग-अलग अवसरों पर उनके कथित बयानों को लेकर सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने विरोध दर्ज कराया है। अछूत शब्द के इस्तेमाल का विवाद मई 2022 में वायरल एक वीडियो को लेकर विवाद हुआ, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर एक व्यक्ति को पैर छूने से रोकते हुए 'अछूत' शब्द का इस्तेमाल किया। बाद में उनके समर्थकों की ओर से सफाई दी गई कि शब्द का इस्तेमाल स्वयं के संदर्भ में किया गया था। संत तुकाराम की पत्नी को लेकर टिप्पणी फरवरी 2023 में कथा के दौरान संत तुकाराम की पत्नी को लेकर कथित टिप्पणी पर विवाद खड़ा हुआ। विरोध के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने सफाई देते हुए खेद जताया और माफी मांगी। अप्रैल 2023 में साईं बाबा को लेकर दिए गए कथित बयान पर विवाद हुआ। उन्होंने साईं बाबा की तुलना भगवान से किए जाने पर आपत्ति जताई थी। विवाद बढ़ने के बाद उन्होंने सफाई देते हुए खेद व्यक्त किया। अप्रैल 2023 में सहस्त्रबाहु अर्जुन को लेकर कथित टिप्पणी पर भी विरोध हुआ। संबंधित समाज की नाराजगी के बाद उन्होंने खेद व्यक्त किया। इस तरह के कई बयान विरोध का कारण बने।

अब भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी से फिर गरमाया विवाद

नवंबर 2026 में शिवपुरी जिले के करैरा में श्रीराम कथा के दौरान भगवान राम और श्रीकृष्ण की तुलना करते हुए कृष्ण के 'टेढ़े खड़े होने' आदि को लेकर की गई कथित टिप्पणी ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हुआ और अब इसका असर अशोकनगर की सड़कों पर भी दिखाई दिया। धीरेंद्र शास्त्री की ओर से बाद में यह सफाई दी गई कि उनका उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण का अपमान करना नहीं था और उन्होंने इसके लिए माफी मांगी। लेकिन सवाल अब भी कायम है क्या धार्मिक कथाओं के मंच से बार-बार ऐसे बयान दिए जाने चाहिए, जो आस्था और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कारण बनें? अशोकनगर में हुए प्रदर्शन ने इस सवाल को एक बार फिर सार्वजनिक बहस के केंद्र में ला दिया है।

देर शाम तेज स्पीड से दौड़ी ट्रेन, क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर

13 किमी रेल ट्रैक के सीआरएस निरीक्षण के लिए नरसिंहगढ़ पहुंची मुंबई की टीम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाइन परियोजना के तहत मंगलवार को सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ के बीच 13 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक का सफल स्पीड ट्रायल संपन्न हुआ।

सोनकच्छ से तेज स्पीड में चलकर ट्रेन नरसिंहगढ़ पहुंची। पहली बार शहर में ट्रेन को देखकर लोगों में हर्ष उत्साह का माहौल देखा गया। स्पीड ट्रायल के सीआरएस निरीक्षण के लिए मुंबई से रेल आयुक्त गुरुप्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ नरसिंहगढ़ पहुंचे। जहां कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हवन पूजन के साथ की गई। इस दौरान अधिकारियों ने पौधरोपण भी करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का भी संकल्प दोहराया।

बड़ी संख्या में ट्रेन देखने पहुंचे लोग

पिछले 25 वर्षों से क्षेत्रवासी रेल के लिए प्रतीक्षारत है ऐसे में आप कहीं जाकर क्षेत्र में रेल परियोजना के शुरू होने जा रही है जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में भी हर्ष और उत्साह का माहौल है। यही वजह है कि मंगलवार को वह स्पीड ट्रायल को देखने बड़ी संख्या में आम जन रेलवे स्टेशन पहुंचे इस दौरान लोगों का कहना है कि रामगंज मंडी भोपाल रेल परियोजना शुरू होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी वहीं आवागमन भी सुगम होगा।

इनका कहना है...

सफल ट्रायल हुआ है, इसमें किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। आने वाले छः माह में इस पटरी पर ट्रेन दौड़ने लगेगी।

पंकज त्यागी,
डीआरएम रेलवे मंडल भोपाल

बारीकी से किया निरीक्षण आवश्यक सुधार के दिए निर्देश

इस दौरान रेलवे आयुक्त ने रेलवे निर्माण कार्य सहित संबंधित दस्तावेजों और फाइलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर ट्रैक और सिग्नल व्यवस्था की जांच कर आवश्यक सुधार के भी निर्देश दिए। इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त और उनकी टीम ट्रॉली के माध्यम से सोनकच्छ की ओर रवाना हुई। टीम सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ तक के पूरे 13 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक की स्थिति, तकनीकी व्यवस्थाओं, सिग्नल प्रणाली और रेल संचालन से जुड़े सुरक्षा मानकों की सूक्ष्मता से जांच भी की गई।

जांच में कमियां मिलने पर की कार्रवाई

मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाला लीलावती अस्तपाल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



शहर में संचालित लीलावती अस्पताल को मंगलवार को सील कर दिया गया। देर शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंच उसे सीलबंद करने की कार्रवाई की। पूर्व में अस्पताल में लापरवाही पूर्वक किए गए इलाज से मरीजों की हुई मौत के मामले में विभाग ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए अस्पताल को बंद करवाया। इस दौरान ने नियम विरूद्ध अस्पताल संचालन पर प्रबंधन पर भी कार्रवाई की बात कही है। कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ डॉ शेख जलालुद्दीन, सीबीएमओ आर के अहिरवार, तहसीदार सुनीता देहरवाल , थाना प्रभारी गुंजा सोलंकी, एसआई अभय सिंह सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

महिला की मौत पर हुआ था हंगामा

लीलावती अस्पताल में लगातार गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही थीं। कुछ माह पूर्व पेट दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती हुई महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने लापरवाहीपूर्वक इलाज के आरोप लगाए थे। जिसकी स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायतें की गई थीं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर पहुंच अस्पताल में छानबीन करते हुए जांच प्रतिवेदन तैयार किया था। इसी की जांच में अस्पताल में कमियां मिलने पर इसे सील करने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि अस्पताल प्रबंधन ने जो जानकारियां स्वास्थ्य विभाग को दी थी वह भी सही नहीं थी। इन्ही सब कमियों को दृष्टिगत करते हुए मामले में कार्रवाई की गई।

शहर में लैब, क्लीनिक की भरमार

देखने में आया है कि शहर में लगातार निजी अस्पताल, लैब और क्लीनिक खुल गए हैं। जिन पर भी आए दिन गलत जांच रिर्पोट देने और मरीजों का लापरवाही पूर्वक इलाज किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में जिम्मेदार नागरिकों



ने फर्जी तरीके से संचालित हो रहे स्वास्थ्य संस्थानों की भी जांच की मांग उठाई है।

इनका कहना है...

लीलावती अस्पताल में पूर्व में मरीज की हुई मौत और अन्य मामलों की जांच के आधार पर अस्पताल को सील किया गया है। जल्द ही अन्य संस्थानों की भी जांच की जाएगी।

आरके अहिरवार
बीएमओ नरसिंहगढ़

गैस डायरी अपडेट के नाम पर 236 रुपए की मांग, उपभोक्ता ने की शिकायत

सहायक आपूर्ति अधिकारी बोले मामले की होगी जांच

सारंगपुर। गैस डायरी अपडेट कराने के नाम पर उपभोक्ताओं से 236 रुपए मांगे जाने का मामला सामने आया है। सारंगपुर की गैस एजेंसी की इस कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं ने शुल्क की वैधता और अनिवार्यता पर सवाल खड़े किए हैं। मामले में पड़ाना निवासी एक उपभोक्ता ने खाद्य विभाग और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के बाद अब विभागीय जांच का इंतजार है। जानकारी के अनुसार, पड़ाना निवासी मुकेश जलोदिया मंगलवार को भारत गैस सिलेंडर लेने सारंगपुर स्थित योगिता गैस एजेंसी पहुंचे थे। इस दौरान एजेंसी पर गैस डायरी अपडेट कराने के नाम पर उनसे 236 रुपए की मांग की गई। उपभोक्ता का कहना है कि उनसे मांगी गई राशि किस मद में ली जा रही है और क्या इसके लिए कोई निर्धारित सरकारी या कंपनी स्तर का शुल्क है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इसी को लेकर उन्होंने संबंधित विभाग और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है।

शुल्क की अनिवार्यता और रसीद पर सवाल

उपभोक्ताओं का सवाल है कि यदि गैस डायरी अपडेट कराना किसी अधिकृत प्रक्रिया का हिस्सा है, तो इसके लिए निर्धारित शुल्क की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। साथ ही राशि लेने पर उसकी विधिवत रसीद भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विभाग यह स्पष्ट करे कि 236 रुपए की राशि किस नियम या आदेश के तहत मांगी जा रही है और क्या यह सभी उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य है। अब विभागीय जांच में ही स्पष्ट हो सकेगा कि एजेंसी द्वारा मांगी जा रही राशि का अधिकृत आधार क्या है और उपभोक्ताओं से इस तरह की राशि लेना नियमानुसार है या नहीं।

इनका कहना है

भारत गैस एजेंसी द्वारा डायरी अपडेट के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से 236 रुपए मांगे जाने की जानकारी मिली है। मामले की जांच करवाकर उचित कार्रवाही की जाएगी।

कपिल शर्मा, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, तहसीलदार एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर

आईफोन नहीं मिलने से नाराज नाबालिग कोटा से सुरक्षित दस्तयाब

सारंगपुर। आईफोन मोबाइल नहीं दिलाने से नाराज होकर घर से लापता हुए 16 वर्षीय नाबालिग बालक को सारंगपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राजस्थान के कोटा से सकुशल दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर बालक को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, 2 नवंबर की रात करीब 11:30 बजे खारिया मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय नाबालिक को आईफोन मोबाइल दिलाने की जिद कर रहा था। परिजनों द्वारा आईफोन दिलाने से मना करने पर नाराज होकर वह अपने स्कूल बैग में कपड़े रखकर बिना किसी को बताए घर से चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी बालक का पता नहीं चलने पर फरियादी अनिल पुष्पद ने सारंगपुर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने पुलिस टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू की।



पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मैदानी स्तर पर तलाश करते हुए राजस्थान के कोटा में खोजबीन की। पुलिस टीम ने दरमियानी रात कोटा के स्टेशन रोड स्थित राघव होटल से नाबालिग निकुंज को सकुशल दस्तयाब कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। बेटे को सुरक्षित देखकर पिता अनिल पुष्पद की आंखों में खुशी छलक उठी। उन्होंने सारंगपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि राहुल रघुवंशी, सउनि रामगोपाल यादव एवं आरक्षक राहुल राजपूत का योगदान रहा।

आवास कॉलोनी में कई स्थानों पर नालियों में जमा है कचरा

दीपावली के पर्व पर भी गंदगी से अटी नालियां नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

दीपावली का पर्व स्वच्छता, साफ-सफाई और मां लक्ष्मी के स्वागत का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व पर जहां हर घर और प्रतिष्ठान की साफ-सफाई कर आकर्षक सजावट की जाती है, वहीं नगर के कई स्थानों पर गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। आवास कॉलोनी क्षेत्र में दिलीप जमींदार की दुकान के पास एवं मुकेश भानपुरा की दुकान, जगदीश वर्मा ठेकेदार के मकान के समीप स्थित नालियां लंबे समय से कचरे और गंदगी से अटी पड़ी हैं। नालियों में जमा कूड़ा-कचरा और गंदा पानी दुर्गंध के साथ मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार इन नालियों में हमेशा गंदगी जमा रहती है। इसका प्रमुख कारण नालियों का उचित ढलान नहीं होना बताया जा रहा है, जिसके चलते पानी की निकासी सुचारू रूप से नहीं हो पाती और कचरा जमा होता रहता है।

गौरतलब है कि नगर की इस समस्या को लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से कई बार नगर परिषद का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी सफाई व्यवस्था की यह स्थिति नगर परिषद के स्वच्छता संबंधी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह है कि नगर परिषद कब इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नालियों की नियमित सफाई करवाती है और जल निकासी के लिए उचित ढलान की व्यवस्था करती है, ताकि रहवासियों को गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या से निजात मिल सके।

यादव समाज ने मृत्युभोज नहीं करने का दोहराया संकल्प, मंदिरों और सामाजिक संगठन को दी 11000-11000 रुपये की दानराशि

पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव के बड़े भाई पटेल भंवरलाल यादव का नहीं होगा मृत्यु भोज

ब्यावरा। ग्राम बरखेड़ा में विगत दिवस नेता हजारीलाल यादव, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव के बड़े भाई एवं महेश यादव के पिता पटेल साहब भंवरलाल यादव निवासी ग्राम बरखेड़ा ब्यावरा का स्वर्गवास हो गया था। मंगलवार को उठावना एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान परिजनों ने अवगत कराया कि अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर, यादव धर्मशाला ट्रस्ट उज्जैन एवं यादव समाज जिला राजगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मृत्यु भोज को सीमित करने अथवा प्रतिबंधित करने के संबंध में चलाए जा रहे अभियान से सहमत होकर कोई शोक पत्र जारी नहीं किया गया है। परिजनों ने यह भी अवगत कराया कि स्वर्गीय आत्म शांति के लिए सभी कार्यक्रम होंगे परंतु मृत्यु भोज नहीं होगा। दिनांक 11.11. 26 को घाटा और दिनांक 12.11.2026 को पगड़ी



कार्यक्रम होगा। परिजनों ने स्वर्गीय पटेल साहब की स्मृति में दान स्वरूप राशि यादव धर्मशाला ट्रस्ट उज्जैन को 11,000 रूपये, यादव धर्मशाला ब्यावरा, जिला राजगढ़ के लिए 11000 रूपये, श्रीराम खेड़ापति हनुमान मंदिर के लिए 11000 रूपये, बरखेड़ा के रोड वाले हनुमानजी मंदिर के लिए 11000 तथा मुक्तिधाम स्थल ग्रएम बरखेड़ा में वृक्षारोपण एवं ट्रीगार्ड, बैठक के लिए बैंच लगाने की घोषणा की गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व विधायक धूलसिंह यादव नरसिंहगढ़ बोड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, डॉ. कैलाश मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. भारत वर्मा, फूलसिंह मीना बीनागंज, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, सेवा निवृत्व षिक्षक डी.आर. यादव, पटेल लक्ष्मीनारायण सेठजी, नेमसिंह यादव जामी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा सहित बड़ी संख्या में स्वजातिय बंधू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कचरे के ढेर में मिले जरूरी दस्तावेज, अनिल ने लौटाकर दिखाई ईमानदारी



सारंगपुर। कचरे के ढेर में पड़े जरूरी दस्तावेजों को देखकर एक व्यक्ति ने उन्हें नजरअंदाज करने के बजाय उनके असली मालिक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। ग्राम तलेनी निवासी अनिल मालवीय ने ईमानदारी और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की, जिसने समाज में आज भी कायम इंसानियत और भरोसे को फिर सामने ला दिया। दरअसल, गोपाल राठौर का 26 अक्टूबर को सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की कवरेज के दौरान एसबीआई बैंक के आसपास पर्स गुम हो गया था। पर्स में प्रेस कार्ड, बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई के एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। काफी तलाश के बाद भी पर्स नहीं मिला तो उन्होंने 27 अक्टूबर को सारंगपुर थाने में गुमशुदगी की सूचना देते हुए आवेदन दिया था। इधर, सोमवार को पोस्ट ऑफिस के सामने कचरे के ढेर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंके गए ये दस्तावेज अनिल मालवीय को दिखाई दिए। वे अपने काम से गिरिराज गुप्ता की दुकान पर जा रहे थे। दस्तावेजों को ध्यान से देखने पर उनमें एटीएम, आधार और क्रेडिट कार्ड सहित अन्य जरूरी कागजात मिले। अनिल ने इसकी जानकारी गिरिराज गुप्ता को दी। इसके बाद दस्तावेजों पर दर्ज जानकारी के आधार पर गिरिराज ने गोपाल राठौर से संपर्क किया और दस्तावेज मिलने की सूचना दी। सूचना मिलते ही गोपाल मौके पर पहुंचे और अपने गुम हुए दस्तावेज प्राप्त किए। अनिल ने बिना किसी लालच के दस्तावेज सुरक्षित रखकर उनके वास्तविक मालिक तक पहुंचाए। गोपाल ने अनिल और गिरिराज का आभार जताते हुए कहा कि आज के दौर में जब लोग छोटी-छोटी बातों में भी स्वार्थ देखते हैं, ऐसे में अनिल मालवीय जैसे लोग समाज में ईमानदारी, विश्वास और मानवता की मिसाल कायम करते हैं।

सुबह 8 से 11 बजे तक बिजली रहेगी बंद

33 केवी मुख्य बस के रखरखाव के चलते आज बिजली कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए बुधवार को 132 केवी विद्युत उपकेंद्र सारंगपुर में 33 केवी मुख्य बस का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 8 बजे से 11 बजे तक शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के कुछ फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनुसार, रखरखाव कार्य के दौरान 33 केवी लाइनों के जम्पर बदलने, मुख्य बस के कंडक्टर बदलने सहित अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य किए जाएंगे। इसके चलते 33 केवी इंडस्ट्रियल, किलौदा, पडल्या माता-1, पडल्या माता-2, मऊ, आसरेटा एवं मंगलाज फीडरों की बिजली आपूर्ति निर्धारित समय तक बंद रहेगी। हालांकि, सारंगपुर नगर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित न हो, इसके लिए 132 केवी उपकेंद्र पानवाड़ी से 33 केवी राधा नगर फीडर के माध्यम से वैकल्पिक बैक फीड व्यवस्था की जाएगी। विभाग का प्रयास रहेगा कि इस व्यवस्था के जरिए नगर में बिजली आपूर्ति सुचारु बनी रहे। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें। साथ ही बताया कि तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार शटडाउन की अवधि में बदलाव भी किया जा सकता है। विभाग के अनुसार, यह रखरखाव कार्य भविष्य में बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है।

शासन से राशि नहीं मिलने और वसूली कम होने का हवाला दे रहे सीएमओ

दीपावली का पर्व सिर पर, नगर परिषद के 50 से अधिक कर्मचारियों का दो माह से वेतन अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर परिषद कुरावर में कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर गंभीर स्थिति सामने आई है। नगर परिषद के 50 से अधिक कर्मचारियों को सितंबर और अक्टूबर माह का वेतन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से लेकर स्थायी कर्मचारियों तक को अक्टूबर माह का वेतन नहीं मिला है।

लगातार वेतन अटके रहने और दिवाली का त्योहार नजदीक होने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में कर्मचारियों को अपने नियमित खर्चों के साथ ही त्योहार की तैयारियों को लेकर भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारी नगर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी निभाते हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक नगर की व्यवस्थाओं को सुचारू रखने में



उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च, राशन और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल होता जा रहा है।

त्योहार से पहले भुगतान की उम्मीद, कर्मचारियों की निगाहें परिषद प्रशासन पर

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नगर परिषद के 50 से अधिक कर्मचारियों का दो माह का वेतन लंबित है और अन्य कर्मचारियों को भी अक्टूबर माह का भुगतान नहीं हुआ है, तो आखिर वेतन की व्यवस्था कब तक होगी? कर्मचारियों को दिवाली से पहले भुगतान होने की उम्मीद है। हालांकि सीएमओ द्वारा व्यवस्था करने का आश्वासन तो दिया गया है, लेकिन भुगतान की कोई निश्चित तारीख सामने नहीं आई है।

इनका कहना है...

नगर परिषद की अपेक्षित राजस्व वसूली नहीं होने और शासन से राशि नहीं मिलने के कारण फिलहाल कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थता बनी हुई है। कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुए प्रयास किया जाएगा कि त्योहार के अवसर पर कुछ व्यवस्था की जा सके।

समंदर सिंह चौहान
सीएमओ नगर परिषद कुरावर

